# समाज कार्य स्नातक

## (बीएफएसडब्ल्यू)

## सत्रीय कार्य : 2027–2028

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख
जनवरी, 2027 सत्र–सितम्बर 30,2027
जुलाई, 2027 सत्र–मार्च 31,2028

# समाज कार्य स्नातक

## (बीएसडब्ल्यूजी)

## सत्रीय कार्य : 2026–2027

अध्ययन केंद्र में सत्रीय कार्य जमा कराने की अन्तिम तारीख
जुलाई, 2026 सत्र–मार्च 31,2027
जनवरी, 2027 सत्र–सितम्बर 30,2027

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

प्रिय शिक्षार्थी,

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के समाज कार्य कार्यक्रम में आपका स्वागत है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए, कृपया निम्नलिखित बातों का पालन करें:

- अपना अध्ययन आरंभ करने से पहले कार्यक्रम दर्शिका को पढ़िए। इससे इग्नू के कार्यक्रम अध्ययन करने के बारे में आपके अधिकतर संदेह दूर हो जाएंगे।
- आप अपने सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र में समय पर जमा कराएं।
- अपने अध्ययन केंद्र और क्षेत्रीय केंद्र के संपर्क में रहें।
- परीक्षा फार्म समय पर भरें।

सत्रीय कार्य एक खुली किताब है और हम इग्नू में प्रत्येक पाठ्यक्रम के समग्र ग्रेड की गणना करते समय सत्रीय कार्यों के लिए 30%भारित देते हैं। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिए**। सत्रीय कार्य–प्रतिक्रिया का एक अच्छा सेट तैयार करने के लिए आप उन सभी अध्यायों को पढ़े जिनमें से सवाल तैयार किए गए हैं। आप अपने सहकर्मी शैक्षिक परामर्शदाताओं और प्रोफेसरों के साथ चर्चा करे जिन्होंने आपको पढ़ाया है। मसौदा तैयार करें, उस पर आवश्यक सुधार करे और तब अंतिम संस्करण अध्ययन केंद्र में प्रस्तुत करने के लिए तैयार करें।

हर सवाल का जवाब देने के लिए नया पृष्ठ शुरू करें। लंबे और मध्यम जवाब देने के लिए यह सुनिश्चित करें कि इसमें एक परिचय है, मुख्य भाग के लिए एक उप–शीर्षक और एक निष्कर्ष हो। प्रत्येक अनुच्छेद के बीच एक लाईन छोड़ें। आपके जवाब विशिष्ट हों और आपके अपने शब्दों में हो यह किताब की नकल ना हो। आपके उत्तर इग्नू के पठन सामग्री पर आधारित हों। सत्रीय कार्य आपके सत्रांत परीक्षा की तैयारी है, इसलिए इसे गंभीरतापूर्वक लें।

**(प्रो.सायन्तनी गुइन)**
कार्यक्रम संयोजक
(बीएफएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यूजी)
**email:bswinfo@ignou.ac.in**
Ph: 011–29571698

# सामाजिक कार्य में अनुसंधान के तरीके

## सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडःबीएसडब्ल्यू–129**
**कुल अंक – 100**

नोट :

(i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **पाँच** के उत्तर **500** शब्दों में दें।
(ii) सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. समाज कार्य अनुसंधान को परिभाषित करें और समाज कार्य के द्वितीयक तरीके के रूप में इसके दायरे की व्याख्या करें। उदाहरणों के साथ समाज कार्य अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करें। 20

2. समाज कार्य अनुसंधान में गुणात्मक और मात्रात्मक दृष्टिकोण की तुलना और अंतर स्पष्ट करें। उपयुक्त उदाहरणों के साथ उनकी विशेषताओं, शक्तियों और सीमाओं पर चर्चा करें। 20

3. मिश्रित पद्धति अनुसंधान को परिभाषित करें और समाज कार्य में इसके महत्व की व्याख्या करें। गुणात्मक और मात्रात्मक दृष्टिकोण का संयोजन निष्कर्षों की विश्वसनीयता और गहराई को कैसे बढ़ाता है? 20

4. समाज कार्य अनुसंधान प्रक्रिया में शामिल प्रमुख चरणों की व्याख्या करें। उदाहरणों के साथ प्रत्येक चरण की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। 20

5. समाज कार्य अनुसंधान में नमूनाकरण के महत्व पर चर्चा कीजिए। किन्हीं दो नमूनाकरण विधियों की उनके लाभ और सीमाओं पर प्रकाश डालते हुए व्याख्या कीजिए। 20

6. समाज कार्य अनुसंधान में डेटा प्रोसेसिंग की प्रक्रिया को समझाइए। शोध निष्कर्षों की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए संपादन, कोडिंग और माप के महत्व पर चर्चा करें। 20

7. केंद्रीय प्रवृत्ति के उपायों और फैलाव के उपायों के अनुप्रयोग को उदाहरणों के साथ स्पष्ट करें। 20

8. शोध रिपोर्ट के महत्व और आवश्यक घटकों पर प्रकाश डालें। 20